दिन–शुक्रवार दिनांक– 12 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

पूर्व अग्निवीरों को केंद्रीय बलों की नियुक्ति में दस प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल जैसे केंद्रीय बलों के प्रमुखों ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को आयु में छूट मिलेगी और उनके लिए कोई शारीरिक दक्षता परीक्षा भी नहीं होगी। अग्निपथ योजना पर बहस के बीच केंद्रीय बलों ने घोषणा की है।

————————————————————————————

नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्राचार्य अहसानुल हक और उपप्राचार्य इम्तियाज सहित चार लोगों को सीबीआई की रिमांड पूरी होने के बाद पटना के बेउर जेल भेज दिया गया है। सीबीआई ने अट्ठाईस जून को इन्हें गिरफ्तार किया था। इन लोगों को गहन पूंछताछ के लिए दिल्ली में ब्यूरो के मुख्यालय लाया गया था। जांच से पता चला कि पटना में खेमनीचक स्थित एक प्ले स्कूल से जब्त आंशिक रूप से जले प्रश्न पत्र राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से प्राप्त प्रश्नपत्र से मिलते हैं। इस प्रश्नपत्र की श्रृंखला को हजारीबाग के कल्लू चौक स्थित ओएसिस स्कूल के परीक्षा केन्द्र पर भेजा गया था।

————————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, औरंगाबाद और पूर्वी चम्पारण जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश हुई है। सीतामढ़ी के ढेंघरा घाट में सबसे अधिक एक सौ तीस मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, कई जगहों पर पचहत्तर मिलीमीटर से लेकर एक सौ पन्द्रह मीलीमीटर तक बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान मधुबनी, सुपौल, सीतामढ़ी, शिवहर, सीवान, कैमूर, गोपालगंज और किशनगंज समेत तेरह जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है।

————————————————————————————

नेपाल के तराई क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा और अधवारा समूह की नदियां उफान पर है। गंडक नदी का

जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में खतरे के निशान से चौहत्तर सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। बागमती नदी का जलस्तर रून्नीसैदपुर और बेनीबाद में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। कमला बलान नदी का जलस्तर मधुबनी में लाल निशान से बीस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। कोसी नदी खगड़िया के बलतारा में लाल निशान को पार कर गयी है जबकि सुपौल के बसुआ में लाल निशान के आस–पास बनी हुई है। महानंदा नदी का जलस्तर पूर्णियां के ढेंगरा घाट और कटिहार के झावा में खतरे के निशान से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। इधर, परमान नदी का जलस्तर भी अररिया में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इन अदालतों में कई प्रकार के मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया जायेगा। दीवानी मामलों के साथ–साथ कुछ प्रकार के फौजदारी मामले, बैंक ऋण विवाद, बिजली बिल, टेलीफोन बिल, मोटरयान दुर्घटना और वैवाहिक विवाद से संबंधित मामलों का लोक अदालत में निष्पादन किया जायेगा।

———————————————————————————

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सत्येन्द्र नारायण सिन्हा को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। पटना के एस.के. पुरी पार्क में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा समेत कई गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————————

अररिया जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र के सोनापुर में बूढ़ी नदी पार करने के दौरान गहरे पानी में डूबने से एक किसान की मौत हो गई।

———————————————————————————

जमुई जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र अन्तर्गत रतनपुर चौक के पास एक तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से ई–रिक्शा सवार एक बच्ची की मौत हो गयी जबकि चार अन्य घायल हो गये।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।